Deen Dayal Upadhyaya Gorakhpur University

(Accredited A++ by NAAC)

University in News 10 August 2024

Dainik Jagran
Page - 02, 04

स्नातक-परास्नातक में बची सीटों पर प्रवेश के लिए काउंसिलिंग आज से

जागरण संवाददाता, गोरखपुर। अंतरंग से बोधित अभ्यर्थी पूरी हुई तथा नवोदयनगरी 100 से 200 अंक की दिव्य होकर काउंसिलिंग शुरू : अधिक सीटों पर भी विश्वविद्यालय प्रवेश प्रकोष्ठ के निदेशक डीडीयू दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय के प्रवेश पोर्टल पर www.ddugadmission.in पर की गुप्ता है। विश्वविद्यालय के प्रवेश पोर्टल पर आवेदन कर सकते हैं।

पहले चरण में 3512 सीटों पर प्रवेश की सभी औपचारिकताएं पूरी हो चुकी हैं। पहले चरण में अभ्यर्थियों ने पहले विकल्प के रूप में जो पाठ्यक्रम चुना था पूरा हो गया था। उसे ही आवंटित कर दिया गया है। इसलिए दूसरी काउंसिलिंग के दौरान अभ्यर्थियों को अपने पसंद के पाठ्यक्रम चयनकर का विकल्प देना होगा। दूसरे चरण की काउंसिलिंग में ऐसे अभ्यर्थियों को प्रवेश दिया जाएगा जिन्होंने पहले चरण में सीट आवंटित नहीं देने होगी, जिन्होंने पहले चरण की काउंसिलिंग में सीट आवंटित की है उन्हें दूसरे चरण की काउंसिलिंग में भाग लेने के लिए सीट छोड़नी होगी। इसका परिणाम दूसरी काउंसिलिंग के रिजल्ट में परिलक्षित होगा।

राधिका गुप्ता होंगी गोवि के दीक्षा समारोह की मुख्य अतिथि

जागरण संवाददाता, गोरखपुर : दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय ने 30 अगस्त को आयोजित होने वाले 43वें दीक्षा समारोह के मुख्य अतिथि का नाम तय कर लिया है। राजभवन की मुहर पर इस नाम पर लग गई है। एडलाइज म्यूजुअल फंड की प्रबंध निदेशक व सीईओ राधिका गुप्ता समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगी। इस अवसर पर उन्हें विश्वविद्यालय की ओर से मानद डाक्टरेट की उपाधि भी प्रदान की जाएगी। इसे करने के लिए विश्वविद्यालय की कार्य परिषद ने स्वीकृति प्रदान कर दी है।

राधिका गुप्ता

राधिका गुप्ता का नाम वित्तीय क्षेत्र में कार्यो प्रतिष्ठित है। विश्वविद्यालय के अनुसार वह देश में निवेश का माहौल बनाने के लिए लिए समर्पित रही हैं। राधिका पेन्सिलवेनिया विश्वविद्यालय के प्रतिष्ठित जेरोम फिशर कार्यक्रम से प्रबंधन और प्रौद्योगिकी में से स्नातक हैं, जिसमें उन्हें सर्वोच्च सम्मान प्राप्त हुए। मैकिन्से एंड कंपनी में वह व्यापारिक परामर्श के रूप में कार्य कर चुकी हैं। एक्सआर कैपिटल में प्रोटेक्शोलिजी प्रबंधक की भूमिका निभा चुकी हैं। वह शार्क टैंक में जज व इन्वेस्टर भी रही हैं। कुलपति ने कहा कि राधिका को अपनी उपलब्धियों से विद्यार्थियों को प्रेरित करेंगी।

एडलवाइज की सीईओ होंगी मुख्य अतिथि

43वें दीक्षांत समारोह में राधिका को मानद डॉक्टरेट की उपाधि देगा विश्वविद्यालय

संवाद न्यूज एजेंसी

गोरखपुर। गोरखपुर विश्वविद्यालय के 30 अगस्त को प्रस्तावित 43वें दीक्षांत समारोह की मुख्य अतिथि एडलवाइज म्यूचुअल फंड की एमडी और सीईओ राधिका गुप्ता होंगी। इस दौरान विश्वविद्यालय उन्हें मानद डॉक्टरेट उपाधि भी देगा। शुक्रवार को कार्य परिषद की बैठक में इस प्रस्ताव को स्वीकृति दे दी गई।

कुलपति प्रो. पूनम टंडन की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में राधिका गुप्ता को मानद डॉक्टरेट प्रदान करने की मंजूरी दी गई। राधिका गुप्ता वित्तीय क्षेत्र में एक प्रतिष्ठित नाम है और उनके नेतृत्व में एडलवाइज म्यूचुअल फंड की संपत्ति 2017 में पांच हजार करोड़ रुपये से बढ़कर आज 1.4 लाख करोड़ रुपये हो गई है। इसके अतिरिक्त, वह शार्क टैंक में जज और निवेशक भी रही हैं।

स्व-वित्तपोषित के टॉपर्स को पदक

विश्वविद्यालय ने हाल ही में कई नए स्व-वित्तपोषित पाठ्यक्रम शुरू किए हैं और वर्तमान सत्र में अतिरिक्त पाठ्यक्रम शुरू करने की योजना बना रहा है। कार्य परिषद ने 2023-24 से शुरू होने वाले सभी स्नातक और स्नातकोत्तर स्व-वित्तपोषित पाठ्यक्रमों में स्वर्ण पदक प्रदान करने की मंजूरी दी। ये पदक आगामी दीक्षांत समारोह के दौरान प्रदान किए जाएंगे। कुलपति प्रो. पूनम टंडन ने कहा कि राधिका गुप्ता की वित्तीय क्षेत्र में अनुकरणीय उपलब्धियां हमारे छात्रों के लिए प्रेरणा का स्रोत हैं और उनकी उपस्थिति समारोह को और भी खास बनाएगी।

12 अगस्त से चलेंगी कक्षाएं

गोरखपुर। गोरखपुर विश्वविद्यालय में एमएससी बायोटेक्नोलॉजी और एमए मनोविज्ञान प्रथम सेमेस्टर की कक्षाएं 12 अगस्त से शुरू होंगी। यह कक्षाएं समय सारिणी के अनुसार चलेंगी। समय सारिणी विभागीय सूचना पट्ट पर चस्पा है। संवाद

महामहिम को अंग्रेजी विभाग की पत्रिका की भेंट

गोरखपुर। डीडीयू के अंग्रेजी विभाग की मासिक पत्रिका 'साहित्य विमर्श' के अगस्त अंक की प्रति शुक्रवार को हिमाचल प्रदेश के राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल को विभागाध्यक्ष प्रो. अजय शुक्ला ने भेंट की। इस दौरान प्रो. अजय शुक्ला ने विभाग की गतिविधियों और छात्रों की रचनात्मकता को भी राज्यपाल के सामने पेश किया, जिसे उन्होंने अत्यधिक सराहा। यह अंग्रेजी विभाग की पत्रिका का दसवां अंक है, और इसे लेकर विभाग की उपलब्धियां उल्लेखनीय रही हैं। इस अवसर पर वेमर ऑफ रेडीमेड गारमेंट्स के अध्यक्ष रामशंकर शुक्ला और गुआवटा के महामंत्री डॉ. निरंकार राम त्रिपाठी भी उपस्थित रहे।

छात्रों को दिए करियर बनाने के टिप्स

गोरखपुर। गोरखपुर विश्वविद्यालय के वाणिज्य विभाग में कार्यशाला का उद्घाटन सीईओ संतीश आनंद ने किया। उद्घाटन भाषण में संतीश आनंद ने स्नातक के बाद करियर योजना, कंपनी में जॉब के अवसर और परास्नातक उपाधि के महत्व पर चर्चा की। उन्होंने एमबीए प्रोग्राम और इजीआरईइ और इजीमैटइ प्रोग्राम्स के बारे में भी बताया। संतीश आनंद के व्याख्यान के बाद अंकित वैश्य और अनुराग (सीए क्रेयिटर आर्किटेक्ट) ने स्नातक छात्रों को जॉब प्रोफाइल निर्माण की सलाह दी। कार्यक्रम की शुरुआत विभागाध्यक्ष प्रोफेसर बीपर्यन पाठक ने की और संचालन डॉ. अंशु गुप्ता ने किया। धन्यवाद ज्ञापन शोध छात्र सुगौरव कुमार सिंह ने प्रस्तुत किया।

Hindustan
Page - 06

राधिका गुप्ता 43वें दीक्षांत समारोह की मुख्य अतिथि

गोरखपुर, निज संवाददाता। दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय के 43वें दीक्षांत समारोह की मुख्य अतिथि एडलवाइस म्यूचुअल फंड की एमडी और सीईओ राधिका गुप्ता होंगी। समारोह 30 अगस्त को आयोजित होगा और विश्वविद्यालय उन्हें मानद डॉक्टरेट की उपाधि भी प्रदान करेगा। इस प्रस्ताव को शुक्रवार को कार्य परिषद की बैठक में स्वीकृति दी गई।

कुलपति प्रो. पूनम टंडन की अध्यक्षता में हुई बैठक में राधिका गुप्ता को मानद डॉक्टरेट प्रदान करने की मंजूरी दी गई। राधिका गुप्ता वित्तीय क्षेत्र में एक प्रतिष्ठित नाम है और उनके नेतृत्व में एडलवाइस म्यूचुअल फंड की संपत्ति 2017 में पांच हजार करोड़ रुपये से बढ़कर आज 1.4 लाख करोड़ रुपये हो गई है। इसके अतिरिक्त, वह शार्क टैंक में जज और निवेशक भी रही हैं।

- स्नातक व स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों के टॉपर्स को स्वर्ण पदक की मंजूरी

कार्य परिषद ने सत्र 2023-24 से शुरू होने वाले सभी स्नातक और स्नातकोत्तर स्व-वित्तपोषित पाठ्यक्रमों के टॉपर्स को विश्वविद्यालय स्वर्ण पदक प्रदान करने की में मंजूरी दी। ये पदक आगामी दीक्षांत समारोह के दौरान वितरित किए जाएंगे। कुलपति प्रो. पूनम टंडन ने कहा कि राधिका गुप्ता की वित्तीय क्षेत्र में अनुकरणीय उपलब्धियां हमारे छात्रों के लिए प्रेरणा का स्रोत हैं और उनकी उपस्थिति समारोह को और भी खास बनाएगी।

Rashtriya Sahara
Page - 07

डीडीयू में रिक्त सीटों पर प्रवेश को दूसरे चरण की काउंसिलिंग आज से

गोरखपुर(एसएनबी)। दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय की स्नातक और परास्नातक कक्षाओं में प्रवेश की द्वितीय चरण की ऑनलाइन काउंसिलिंग अनिवार्य से शुरू होगी। अभ्यर्थी 12 अगस्त तक ज्वाइस लॉक कर सकते हैं।

- यूजी व पीजी में प्रवेश को 12 तक कर सकेंगे ज्वॉइस लॉक
- प्रथम चरण में डीडीयू परिसर की 3512 सीटे भरीं
- महाविद्यालयों की भी दो सौ से अधिक सीटों पर प्रवेश पूर्ण

इसी तरह महाविद्यालयों की दो सौ से अधिक सीटों पर भी प्रवेश पूर्ण हो चुका है। इसके बाद अभ्यर्थियों को 200 से 300 अंक वाले अभ्यर्थियों को 200 से अधिक सीटें पर भी विश्वविद्यालय प्रवेश प्रकोष्ठ के निदेशक डीडीयू दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय के प्रवेश पोर्टल पर www.ddugadmission.in पर की गुप्ता है। विश्वविद्यालय के प्रवेश पोर्टल पर आवेदन कर सकते हैं।

पहले चरण में सीट प्राप्त करने वाले अभ्यर्थियों के प्रमाणपत्र सत्यापन का कार्य मुहरबंदिया को पूरा हो गया।

परिसर की 3512 सीटों पर प्रवेश की सभी औपचारिकताएं पूरी हो चुकी हैं। इसी तरह महाविद्यालयों की 200 से अधिक सीटों पर भी प्रवेश पूर्ण हो चुका है। यही संख्या में अभ्यर्थियों ने पहले चरण के आवंटन के बाद अपग्रेडेशन के लिए आवेदन कर रखा है इसलिए ये प्रतीक्षारत हैं। इसका परिणाम दूसरी काउंसिलिंग के रिजल्ट में परिलक्षित हो जाएगा।

कुलपति प्रो. पूनम टंडन ने कहा कि राधिका गुप्ता की वित्तीय क्षेत्र में अनुकरणीय उपलब्धियां, वित्तीय साक्षरता और स्वतंत्रता को बढ़ावा देने के प्रति समर्पण हमारे छात्रों के लिए प्रेरणा का स्रोत है। मुख्य अतिथि के रूप में उनकी उपस्थिति निस्संदेह दीक्षांत समारोह को समृद्ध करेगी।

Amar Ujala Select
Page - 04

डीडीयू : पहले चरण में परिसर की 3512 सीटें भरीं

शेष सीटों पर प्रवेश के लिए काउंसिलिंग आज से

गोरखपुर। गोरखपुर विश्वविद्यालय में स्नातक और परास्नातक पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए पहले चरण की काउंसिलिंग के लिए ज्वॉइस लॉक शनिवार से शुरू होगा। इच्छुक अभ्यर्थी 12 अगस्त तक ज्वॉइस लॉक कर सकेंगे।

प्रथम चरण में सीट आवंटन से वंचित अभ्यर्थी दूसरे चरण की काउंसिलिंग के लिए विश्वविद्यालय के प्रवेश पोर्टल www.ddugadmission.in पर आवेदन कर सकते हैं। दूसरी तरफ महाविद्यालयों की 200 से अधिक सीटों पर भी प्रवेश पूर्ण हो चुका है। यही संख्या में अभ्यर्थियों ने पहले चरण के आवंटन के बाद अपग्रेडेशन के लिए आवेदन कर रखा है इसलिए ये प्रतीक्षारत हैं। इसका परिणाम दूसरी काउंसिलिंग के रिजल्ट में परिलक्षित हो जाएगा।

दोबारा नहीं देना होगा शुल्क

प्रवेश प्रकोष्ठ के निदेशक प्रो. हर्ष विंदा ने बताया कि दूसरे चरण की काउंसिलिंग में ऐसे अभ्यर्थियों को काउंसिलिंग शुल्क देना होगा जिन्होंने पहले चरण की काउंसिलिंग के लिए शुल्क दे दिया है। इसी तरह महाविद्यालयों में प्रवेश पाने वाले अभ्यर्थियों को दोबारा शुल्क देना होगा। इसके साथ ही अभ्यर्थियों को पहले चरण के आवंटन के बाद अपग्रेडेशन के लिए आवेदन कर रखा है इसलिए ये प्रतीक्षारत हैं। इसका परिणाम दूसरी काउंसिलिंग के रिजल्ट में परिलक्षित हो जाएगा।

एमडी राधिका होंगी दीक्षांत समारोह की मुख्य अतिथि

गोरखपुर। गोरखपुर विश्वविद्यालय के 43वें दीक्षांत समारोह में एडलवाइज म्यूचुअल फंड की एमडी और सीईओ राधिका गुप्ता मुख्य अतिथि होंगी। इस अवसर पर उन्हें विश्वविद्यालय की ओर से मानद डाक्टरेट की उपाधि भी प्रदान की जाएगी। इसे करने के लिए विश्वविद्यालय की कार्य परिषद ने स्वीकृति प्रदान कर दी है।

राधिका गुप्ता

राधिका गुप्ता का नाम वित्तीय क्षेत्र में कार्यो प्रतिष्ठित है। विश्वविद्यालय के अनुसार वह देश में निवेश का माहौल बनाने के लिए लिए समर्पित रही हैं। राधिका पेन्सिलवेनिया विश्वविद्यालय के प्रतिष्ठित जेरोम फिशर कार्यक्रम से प्रबंधन और प्रौद्योगिकी में से स्नातक हैं, जिसमें उन्हें सर्वोच्च सम्मान प्राप्त हुए। मैकिन्से एंड कंपनी में वह व्यापारिक परामर्श के रूप में कार्य कर चुकी हैं। एक्सआर कैपिटल में प्रोटेक्शोलिजी प्रबंधक की भूमिका निभा चुकी हैं। वह शार्क टैंक में जज व इन्वेस्टर भी रही हैं। मुख्य अतिथि का नाम तय होने की जानकारी देते हुए कुलपति ने कहा कि राधिका अपनी उपलब्धियों और ओजस्वी संबोधन से विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों में करियर को बेहतर बनाने के लिए प्रेरित करेंगी। मुख्य अतिथि के रूप में उनकी उपस्थिति दीक्षांत समारोह को समृद्ध करेगी।

काकोरी ट्रेन एक्शन शताब्दी महोत्सव मनाया

गोरखपुर। गोरखपुर विश्वविद्यालय में रोवर्स एवं रेंजर्स की ओर से काकोरी एक्शन शताब्दी समारोह के मौके पर कार्यक्रम आयोजित हुआ। डॉ. श्री प्रकाश सिंह ने काकोरी एक्शन के बारे में जानकारी दी। कहा कि काकोरी की घटना ने भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन को गति प्रदान किया और अंग्रेजी हुकूमत की जड़ों को हिला कर रख दिया था।

बची सीटों पर प्रवेश को काउंसलिंग आज

गोरखपुर, निज संवाददाता। डीडीयू में स्नातक और परास्नातक पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए पहले चरण की काउंसिलिंग प्रक्रिया पूरी हो चुकी है। दूसरे चरण की काउंसिलिंग के लिए ज्वॉइस लॉक प्रक्रिया शनिवार से शुरू होगी। इच्छुक अभ्यर्थी 12 अगस्त तक अपने विकल्प लॉक कर सकते हैं। पहले चरण में सीट आवंटन से वंचित अभ्यर्थी विश्वविद्यालय के प्रवेश पोर्टल www.ddugadmission.in पर आवेदन कर सकते हैं। प्रवेश प्रकोष्ठ के निदेशक प्रो. हर्ष सिन्हा ने बताया कि दूसरे चरण की काउंसिलिंग में पहले चरण के लिए फीस जमा कर चुके अभ्यर्थियों से कोई अतिरिक्त शुल्क नहीं लिया जाएगा। हालांकि, पहली बार काउंसिलिंग में भाग लेने वाले आवेदकों को काउंसिलिंग शुल्क देना होगा।

ऐतिहासिक महत्व पर डाला प्रकाश

गोरखपुर। काकोरी ट्रेन एक्शन की 100वीं वर्षगांठ के अवसर पर रोवर्स और रेंजर्स द्वारा एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय में किया गया। इस आयोजन में भूगोल विभाग के डॉ. श्रीप्रकाश सिंह ने काकोरी ट्रेन लूट की ऐतिहासिक महत्वता पर प्रकाश डाला।

कार्यक्रम का संयोजन प्रोफेसर विनय कुमार सिंह के नेतृत्व में किया गया। इस अवसर पर डॉ. श्रीप्रकाश सिंह, रोवर्स और रेंजर्स के छात्र-छात्रा मानुस कसेरा, रणवीर सिंह, आदित्य शर्मा सहित कई अन्य उपस्थित थे।

एमएससी बायोटेक्नोलॉजी प्रथम सेमेस्टर की कक्षाएं 12 से

गोरखपुर (एसएनबी)। डीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय में एमएस-सी बायोटेक्नोलॉजी प्रथम सेमेस्टर सत्र 2024-25 के समस्त छात्र/छात्राओं की कक्षाएं 12 अगस्त 2024 से बायोटेक्नोलॉजी विभाग में अपने निर्धारित समय सारिणी के अनुसार संचालित होगी। समय सारिणी विभागीय सूचना पट्ट पर चस्पा है। अध्यक्ष बायोटेक्नोलॉजी विभाग ने दी है।

एमए प्रथम मनोविज्ञान की कक्षाएं 12 से शुरू होंगी

गोरखपुर (एसएनबी)। एमए प्रथम सेमेस्टर (मनोविज्ञान) सत्र 2024-2025 के छात्र/छात्राओं की कक्षाएं 12 अगस्त 2024 से अपने निर्धारित समय सारणी के अनुसार मनोविज्ञान विभाग में चलेंगी। सम्बन्धित विद्यार्थी उक्त तिथि एवं समय पर अपनी कक्षा में उपस्थित हों, विस्तृत जानकारी के लिए विभागीय सूचना पट्ट का अवलोकन करें। यह जानकारी अध्यक्ष मनोविज्ञान विभाग ने दी।

सभी यूजी -पीजी स्ववित्तपोषित पाठ्यक्रमों के टॉपर्स को भी मिलेगा स्वर्णपदक

गोरखपुर(एसएनबी)। इस बार के दीक्षांत समारोह से गोविवि. एक नयी शुरूआत करने जा रहा है। जिसके अनंतर्गत सभी स्नातक एवं परास्नातक स्ववित्तपोषित पाठ्यक्रमों के टॉपर्स को विश्वविद्यालय स्वर्णपदक से नवाजा जायेगा। कार्यपरिषद द्वारा इस निर्णय पर अपनी मुहर लगा दी गयी है।

- डीडीयू द्वीक्षांत समारोह के लिए विश्वविद्यालय की नयी पहल

दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय ने हाल ही में कई स्व-वित्तपोषित पाठ्यक्रम शुरू किए हैं और वर्तमान सत्र में अतिरिक्त पाठ्यक्रम शुरू करने की योजना बना रहा है। एक महत्वपूर्ण कदम में कार्यकारी परिषद ने 2023-2024 सत्र से शुरू होने वाले सभी स्नातक और स्नातकोत्तर स्व-वित्त पाठ्यक्रमों के टॉपर्स को विश्वविद्यालय स्वर्ण पदक प्रदान करने को मंजूरी दे दी। बता दें कि ये पदक आगामी दीक्षांत समारोह के दौरान प्रदान किए जाएंगे।

Inext Page -02

राधिका गुप्ता होंगी डीडीयू के दीक्षांत की मुख्य अतिथि

gorakhpur@inext.co.in

GORAKHPUR (9 August): दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय ने 30 अगस्त को आयोजित होने वाले 43वें दीक्षा समारोह के मुख्य अतिथि का नाम तय कर लिया है. राजभवन की मुहर पर इस नाम पर लग गई है. एडलवाइज म्यूचुअल फंड की प्रबंध निदेशक व सीईओ राधिका गुप्ता गुप्ता समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगी।इस अवसर पर उन्हें विश्वविद्यालय की ओर से मानद डाक्टरेट की उपाधि भी प्रदान की जाएगी. इसे करने के लिए विश्वविद्यालय की कार्य परिषद ने स्वीकृति प्रदान कर दी है.

राधिका गुप्ता का नाम वित्तीय क्षेत्र में

कार्यो प्रतिष्ठित है. विश्वविद्यालय के अनुसार वह देश में निवेश का माहौल बनाने के लिए लिए समर्पित रही हैं. राधिका पेन्सिलवेनिया विश्वविद्यालय के प्रतिष्ठित जेरोम फिशर कार्यक्रम से प्रबंधन और प्रौद्योगिकी में से स्नातक हैं, जिसमें उन्हें सर्वोच्च सम्मान प्राप्त हुए. मैकिन्से एंड कंपनी में वह रणनीतिक परामर्श के रूप में कार्य कर चुकी हैं. एक्सआर कैपिटल में प्रोटेक्शोलिजी प्रबंधक की भूमिका निभा चुकी हैं. वह शार्क टैंक में जज व इन्वेस्टर भी रही हैं. मुख्य अतिथि का नाम तय होने की जानकारी देते हुए कुलपति ने कहा कि राधिका अपनी उपलब्धियों और ओजस्वी संबोधन से विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों में करियर को बेहतर बनाने के लिए प्रेरित करेंगी. मुख्य अतिथि के रूप में उनकी उपस्थिति दीक्षांत समारोह को समृद्ध करेगी.

स्व-वित्तपोषित पाठ्यक्रमों के टापर्स को पदक

विश्वविद्यालय ने हाल ही में कई स्व-वित्तपोषित पाठ्यक्रम शुरू किए हैं और वर्तमान सत्र में अतिरिक्त पाठ्यक्रम शुरू करने की योजना बना रहा है। एक महत्वपूर्ण कदम में कार्यकारी परिषद ने 2023-24 सत्र से शुरू होने वाले सभी स्नातक और स्नातकोत्तर स्व-वित्त पाठ्यक्रमों के टॉपर्स को विश्वविद्यालय स्वर्ण पदक प्रदान करने की मंजूरी दी। ये पदक आगामी दीक्षांत समारोह के दौरान वितरित किए जाएंगे। कुलपति प्रो. पूनम टंडन ने कहा कि राधिका गुप्ता की वित्तीय क्षेत्र में अनुकरणीय उपलब्धियां हमारे छात्रों के लिए प्रेरणा का स्रोत हैं। इसका परिणाम दूसरी काउंसिलिंग के रिजल्ट में परिलक्षित हो जाएगा।

Aaj

दीक्षांत समारोह में राधिका गुप्ता को मानद डॉक्टरेट की उपाधि

गोरखपुर,९अगस्त। दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो पूनम टंडन की अध्यक्षता में आज आयोजित कार्य परिषद की बैठक में श्रीमती राधिका गुप्ता को मानद डॉक्टरेट की उपाधि प्रदान करने की स्वीकृति दी गई।* श्रीमती राधिका गुप्ता को मानद डॉक्टरेट की उपाधि प्रदान करने की स्वीकृति दी गई।श्रीमती राधिका गुप्ता को मानद डॉक्टरेट (डॉक्टर ऑनोरिस कॉसा प्रदान करने की स्वीकृति दी गई।* एडलवाइस म्यूचुअल फंड की प्रबंध निदेशक और सीईओ श्रीमती गुप्ता 30 अगस्त, 2024 को होने वाले आगामी दीक्षांत समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगी।राधिका गुप्ता का वित्तीय क्षेत्र के प्रोफेसनल्स में एक प्रतिष्ठित नाम है। वो भारत के निवेश परिदृश्य के निर्माण के लिए समर्पित रही हैं। वह वर्तमान में एडलवाइस म्यूचुअल फंड की एमडी और सीईओ हैं। श्रीमती गुप्ता पेन्सिलवेनिया विश्वविद्यालय के प्रतिष्ठित जेरोम फिशर कार्यक्रम से प्रबंधन और प्रौद्योगिकी में से स्नातक हैं, जिसमें उन्हें सर्वोच्च सम्मान प्राप्त हुए। उनका करियर मैकिन्से एंड कंपनी McKinsey & Company में रणनीति परामर्श, AQR कैपिटल में पोर्टफोलियो प्रबंधन और SEBI द्वारा लाइसेंस प्राप्त भारत के पहले घरेलू हेज फंड, फोरफ्रंट कैपिटल मैनेजमेंट के साथ किया है। उनके नेतृत्व में, एडलवाइस म्यूचुअल फंड की संपत्ति 2017 में 5,000 करोड़ से बढ़कर आज 1.4 लाख करोड़ हो गई है। श्रीमती गुप्ता शार्क टैंक में जज और इन्वेस्टर रही हैं। श्रीमती गुप्ता का स्वागत करते हुए गर्व महसूस हो रहा है, जिनकी वित्तीय क्षेत्र में अनुकरणीय उपलब्धियां और वित्तीय साक्षरता और स्वतंत्रता को बढ़ावा देने के प्रति समर्पण हमारे छात्रों के लिए प्रेरणा का स्रोत है। मुख्य अतिथि के रूप में उनकी उपस्थिति निस्संदेह दीक्षांत समारोह को समृद्ध करेगी।

❖ वि.वि. कार्य परिषद की बैठक में और कई महत्त्वपूर्ण निर्णय

आज से होगी यूजी,पीजी की रिक्त सीटों पर प्रवेश के लिए काउंसिलिंग

स्वतंत्र चेतना

गोरखपुर। दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय की स्नातक और परास्नातक कक्षाओं में प्रवेश की द्वितीय चरण की ऑनलाइन काउंसिलिंग कल से शुरू होगी।इसका परिणाम दूसरी काउंसिलिंग के रिजल्ट में परिलक्षित हो जाएगा। परिसर की 3512 सीटों पर प्रवेश की सभी औपचारिकताएं पूरी हो चुकी हैं। इसी तरह महाविद्यालयों की दो सौ से अधिक सीटों पर भी प्रवेश पूर्ण हो चुका है।

अनेक अभ्यर्थियों ने पहले चरण के आवंटन के बाद अपग्रेडेशन के लिए आवेदन कर रखा है इसलिए ये प्रतीक्षारत हैं। इसका परिणाम दूसरी काउंसिलिंग के रिजल्ट में परिलक्षित हो जाएगा।

द्वितीय चरण की काउंसिलिंग में ऐसे अभ्यर्थियों को काउंसिलिंग फीस नहीं देनी होगी जिन्होंने प्रथम चरण की काउंसिलिंग के लिए फीस दी थी लेकिन पहली बार ऑनलाइन काउंसिलिंग में प्रतिभाग करने वाले आवेदकों को काउंसिलिंग शुल्क देना होगा।

दूसरे चरण की काउंसिलिंग में ऐसे अभ्यर्थियों को काउंसिलिंग फीस नहीं देनी होगी जिन्होंने प्रथम चरण की काउंसिलिंग के लिए फीस दी थी लेकिन पहली बार ऑनलाइन काउंसिलिंग में प्रतिभाग करने वाले आवेदकों को काउंसिलिंग शुल्क देना होगा।

Swatantra Chetna
Page - 05

दीक्षांत समारोह में राधिका गुप्ता को डॉक्टरेट मानद उपाधि

स्वतंत्र चेतना

गोरखपुर। दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो पूनम टंडन की अध्यक्षता में आज आयोजित कार्य परिषद की बैठक में श्रीमती राधिका गुप्ता को मानद डॉक्टरेट की उपाधि प्रदान करने की स्वीकृति दी गई।

श्रीमती राधिका गुप्ता को व्यवसाय प्रशासन में मानद डॉक्टरेट (डॉक्टर ऑनोरिस कॉसा प्रदान करने की स्वीकृति दी गई। एडलवाइस म्यूचुअल फंड की प्रबंध निदेशक और सीईओ श्रीमती गुप्ता 30 अगस्त को होने वाले आगामी दीक्षांत समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगी।श्रीमती राधिका गुप्ता का वित्तीय क्षेत्र के प्रोफेशनल्स में एक प्रतिष्ठित नाम है। वो भारत के निवेश परिदृश्य के निर्माण के लिए समर्पित रही हैं।

वह वर्तमान में एडलवाइस म्यूचुअल फंड की एमडी और सीईओ हैं। श्रीमती गुप्ता पेन्सिलवेनिया विश्वविद्यालय के प्रतिष्ठित जेरोम फिशर कार्यक्रम (जीरोम फिशर प्रोग्राम) से प्रबंधन और प्रौद्योगिकी में से स्नातक हैं, जिसमें उन्हें सर्वोच्च सम्मान प्राप्त है।

उनका करियर मैकिन्से एंड कंपनी & कंपनी में रणनीतिक परामर्श, ए क्यू आर कैपिटल में पोर्टफोलियो प्रबंधन और सेबी द्वारा लाइसेंस प्राप्त भारत के पहले घरेलू हेज फंड, फोरफ्रंट कैपिटल मैनेजमेंट की स्थापना तक है। उनके नेतृत्व में, एडलवाइस म्यूचुअल फंड की संपत्ति 2017 में 75,000 करोड़ से बढ़कर आज 71.4 लाख करोड़ हो गई है। श्रीमती गुप्ता शार्क टैंक (शार्क टैंक) में जज और इन्वेस्टर रही हैं।

पाठ्यक्रमों के टॉपर्स को विश्वविद्यालय स्वर्ण पदक

विश्वविद्यालय ने हाल ही में कई स्व-वित्तपोषित पाठ्यक्रम शुरू किए हैं और वर्तमान सत्र में अतिरिक्त पाठ्यक्रम शुरू करने की योजना बना रहा है।

एक महत्वपूर्ण कदम में कार्यकारी परिषद ने 2023-2024 सत्र से शुरू होने वाले सभी स्नातक और स्नातकोत्तर स्व-वित्त पाठ्यक्रमों के टॉपर्स को विश्वविद्यालय स्वर्ण पदक प्रदान करने की मंजूरी दी। ये पदक आगामी दीक्षांत समारोह के दौरान प्रदान किए जाएंगे।

कुलपति प्रो. पूनम टंडन ने कहा हमें श्रीमती राधिका गुप्ता का स्वागत करते हुए गर्व महसूस हो रहा है, जिनकी वित्तीय क्षेत्र में अनुकरणीय उपलब्धियां और वित्तीय साक्षरता और स्वतंत्रता को बढ़ावा देने के प्रति समर्पण हमारे छात्रों के लिए प्रेरणा का स्रोत है। मुख्य अतिथि के रूप में उनकी उपस्थिति निस्संदेह दीक्षांत समारोह को समृद्ध करेगी।

सभी स्नातक और स्नातकोत्तर स्व-वित्त

Nirbhik India

राधिका गुप्ता को मिलेगी मानद डॉक्टरेट की उपाधि

गोरखपुर, संवाददाता- दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो पूनम टंडन की अध्यक्षता में आज आयोजित कार्य परिषद की बैठक में श्रीमती राधिका गुप्ता को मानद डॉक्टरेट की उपाधि प्रदान करने की स्वीकृति दी गई।

श्रीमती राधिका गुप्ता को व्यवसाय प्रशासन में मानद डॉक्टरेट (डॉक्टर ऑनोरिस कॉसा प्रदान करने की स्वीकृति दी गई। एडलवाइस म्यूचुअल फंड (Edelweiss Mutual Fund) की प्रबंध निदेशक और सीईओ श्रीमती गुप्ता 30 अगस्त, 2024 को होने वाले आगामी दीक्षांत समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगी।

श्रीमती राधिका गुप्ता का वित्तीय क्षेत्र के पेशेवरों में एक प्रतिष्ठित नाम है। वो भारत के निवेश परिदृश्य के निर्माण के लिए समर्पित रही हैं। वह वर्तमान में एडलवाइस म्यूचुअल फंड (Edelweiss Mutual Fund) की एमडी और सीईओ हैं। श्रीमती गुप्ता पेन्सिलवेनिया विश्वविद्यालय के प्रतिष्ठित जेरोम फिशर कार्यक्रम (Jerome Fisher Program) से प्रबंधन और प्रौद्योगिकी में से स्नातक हैं, जिसमें उन्हें सर्वोच्च सम्मान प्राप्त हुए।

उनका करियर मैकिन्से एंड कंपनी McKinsey & Company में रणनीति परामर्श, AQR कैपिटल में पोर्टफोलियो प्रबंधन और SEBI द्वारा लाइसेंस प्राप्त भारत के पहले घरेलू हेज फंड, फोरफ्रंट कैपिटल मैनेजमेंट की स्थापना तक है।

उनके नेतृत्व में, एडलवाइस म्यूचुअल फंड की संपत्ति 2017 में ₹5,000 करोड़ से बढ़कर आज ₹1.4 लाख करोड़ हो गई है। श्रीमती गुप्ता शार्क टैंक (Shark Tank) में जज और इन्वेस्टर रही हैं।

विश्वविद्यालय की पहल और निर्णय

सभी स्नातक और स्नातकोत्तर स्व-वित्त पाठ्यक्रमों के टॉपर्स को विश्वविद्यालय स्वर्ण पदक प्रदान करने को मंजूरी दी। नतीजतन, ये पदक आगामी दीक्षांत समारोह के दौरान प्रदान किए जाएंगे। कुलपति प्रो. पूनम टंडन ने कहा, हमें श्रीमती गुप्ता का स्वागत करते हुए गर्व महसूस हो रहा है, जिनकी वित्तीय क्षेत्र में अनुकरणीय उपलब्धियां और वित्तीय साक्षरता और स्वतंत्रता को बढ़ावा देने के प्रति समर्पण हमारे छात्रों के लिए प्रेरणा का स्रोत है। मुख्य अतिथि के रूप में उनकी उपस्थिति निस्संदेह दीक्षांत समारोह को समृद्ध करेगी।

रिक्त सीटों हेतु दूसरे चरण की काउंसिलिंग शुरू

गोरखपुर, संवाददाता- दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय की स्नातक और परास